# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 06 सितंबर, 2023

## पर्यटन मंत्रालय और UNWTO द्वारा G20 पर्यटन और SDG डैशबोर्ड का अनावरण

- भारत सरकार के **पर्यटन मंत्रालय** ने **संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन** (United Nations World Tourism Organization-UNWTO) के सहयोग से G20 **पर्यटन** और SDG **डैशबोर्ड** का अनावरण किया।
  - यह **G20 देशों की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों, विषयवार अध्ययनों और अंतर्दृष्टि** को प्रदर्शित करता है।
- UNWTO **स्पेन के मैड्रिड में स्थित एक बहुराष्ट्रीय संगठन है और इसमें 159 सदस्य देश शामिल** हैं।
- यह संगठन पर्यटन को **आर्थिक विकास, समावेशी विकास और पर्यावरणीय स्थिरता** के चालक के रूप में प्रोत्साहित करता है तथा विश्व भर में ज्ञान और पर्यटन नीतियों को आगे बढ़ाने में इस क्षेत्र को नेतृत्व और समर्थन प्रदान करता है।

## समलैंगिक साझेदारी को मान्यता देने के लिये हॉन्गकॉन्ग के शीर्ष न्यायालय के नियम

- हॉन्गकॉन्ग के शीर्ष न्यायालय ने समलैंगिक साझेदारियों को मान्यता देने के पक्ष में फैसला सुनाया है, लेकिन शहर के LGBTQ समुदाय **को पूर्ण विवाह अधिकार देने से रोक दिया है।**
- न्यायालय ने सरकार को समलैंगिक साझेदारियों की कानूनी मान्यता के लिये एक कानूनी ढाँचा तैयार करने के लिये दो वर्ष का समय दिया।
- 133 देशों में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है, लेकिन उनमें से **केवल 32 देशों में ही समलैंगिक विवाह वैध है।**

**और पढ़ें:** भारत में LGBTQIA+ अधिकार और स्वीकार्यता

## मालवीय मिशन: उच्च शिक्षा हेतु शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री** ने शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा शुरू किये गए **शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम-मालवीय मिशन** का अनावरण किया।

- कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के लिये अनुकूलित प्रशिक्षण प्रदान करके शिक्षा **की गुणवत्ता को बढ़ाना है।**
  - इसका उद्देश्य **पूरे भारत में 15 लाख शिक्षकों** को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये आवश्यक कौशल से युक्त करना है।
- **मानव संसाधन विकास केंद्रों (HRDC)** का नाम बदलकर मदन मोहन मालवीय **शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र** करने की भी घोषणा की गई।

**और पढ़ें...**पं. मदन मोहन मालवीय

## व्यक्तिगत अनुकूली शिक्षण का DIKSHA प्लेटफार्म में एकीकरण

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) की एक शाखा, नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD), **पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग (PAL)** को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग (DIKSHA) प्लेटफॉर्म **में एकीकृत करने** के मिशन पर कार्य कर रही है।

- **शिक्षा मंत्रालय** की देखरेख में DIKSHA, **स्कूलों के लिये शैक्षिक सामग्री के एक ऑनलाइन भंडार** के रूप में कार्य करती है, लेकिन यह वर्तमान में स्थैतिक है।
  - दूसरी ओर, PAL छात्रों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं और क्षमताओं के अनुरूप **व्यक्तिगत अभिगम के अनुभव प्रदान करने के लिये AI का उपयोग** करता है।

**और पढ़ें:** DIKSHA

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-06-september,-2023